# भारत : राजनैतिक

- भारत का कुल क्षेत्रफल 32.8 लाख वर्ग किमी. है, जो विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.4% है।
- भारत क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सातवां (रूस, कनाडा, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील व ऑस्ट्रेलिया के बाद) बड़ा देश है।
- भारत जनसंख्या की दृष्टि से दूसरा (चीन के बाद) बड़ा देश है।
- यहां विश्व की 17.5 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है।




- भारत की मुख्य भूमि का अक्षांशीय व देशांतरीय विस्तार लगभग 30° है।
- भारत की उत्तर से दक्षिण तक की दूरी 3,214 किमी. तथा पूर्व से पश्चिम तक की दूरी 2,933 किमी. है।
- गुजरात से अरुणाचल प्रदेश के स्थानीय समय में लगभग दो घंटे का अंतर है। अतः 82°30' पूर्व देशांतर रेखा को भारत की मानक याम्योत्तर माना गया है।
- भारत की मानक याम्योत्तर रेखा इलाहाबाद के पास नैनी से होकर गुजरती है।
- भारत का समय ग्रीनविच समय से 5 घंटा, 30 मिनट आगे है।

## पड़ोसी देश तथा उनकी सीमा को स्पर्श करने वाले भारत के राज्य

| देश | सीमावर्ती राज्य |
|---|---|
| पाकिस्तान | जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान व गुजरात |
| चीन | जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम तथा अरुणाचल प्रदेश |
| बांग्लादेश | मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय व पश्चिम बंगाल |
| म्यांमार | अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर व मिजोरम |
| नेपाल | उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल व सिक्किम |
| भूटान | पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश तथा असम |
| अफगानिस्तान | जम्मू और कश्मीर |

- भारत की तट रेखा पर कुल 9 राज्य (गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल) स्थित हैं।
- श्रीहरिकोटा द्वीप आंध्र प्रदेश में पुलिकट झील के समीप स्थित है। यहां भारत का उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र 'सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र' स्थित है।
- बैरन द्वीप भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी है। यह अंडमान द्वीप पर स्थित है।

- भारत उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। इसका मुख्य भाग 8°4' से 37°6' उत्तरी अक्षांश तथा 68°7' से 97°25' पूर्वी देशांतर तक है।
- भारत के प्रादेशिक जल क्षेत्र का विस्तार तट से 12 समुद्री मील तक है।
- माजुली द्वीप विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप है।

- भारत की तटरेखा 7516.6 किमी. लंबी है। मुख्य भूमि से लगे कुल तट की लंबाई 5422.6 किमी. एवं मुख्य भूमि से दूर कुल तट की लंबाई 2094 किमी. है।
- राम सेतु (Adam's Bridge) भारत के पंबन द्वीप के अंतिम छोर धनुषकोडि से प्रारंभ होकर श्रीलंका के मन्नार द्वीप तक एक शृंखला में उथले जलीय भाग के रूप में विस्तारित है।


भारत : जनगणना 2011
भारत के अधिकतम जनसंख्या वाले 5 राज्य - उत्तर प्रदेश > महाराष्ट्र > बिहार > प. बंगाल > आंध्र प्रदेश
भारत के न्यूनतम जनसंख्या वाले 3 राज्य - सिक्किम < मिजोरम < अरुणाचल प्रदेश
विश्व के सर्वाधिक जनसंख्या वाले 5 देश - चीन > भारत > सं. रा. अमेरिका > इंडोनेशिया > ब्राजील
सर्वाधिक जनसंख्या वाले 3 केंद्रशासित प्रदेश - दिल्ली > पुडुचेरी > चंडीगढ़
न्यूनतम जनसंख्या वाले 3 केंद्रशासित प्रदेश - लक्षद्वीप < दमन और दीव < दादरा और नगर हवेली
उ.प्र. के सर्वाधिक जनसंख्या वाले प्रथम 3 जिले -
1. इलाहाबाद
2. मुरादाबाद
3. गाजियाबाद
उ.प्र. के न्यूनतम जनसंख्या वाले अंतिम 3 जिले -
1. महोबा 2. चित्रकूट
3. हमीरपुर
उत्तर प्रदेश
सर्वाधिक जनघनत्व वाले तीन जिले - गाजियाबाद > वाराणसी > लखनऊ
न्यूनतम जनघनत्व वाले 3 जिले - ललितपुर < सोनभद्र < हमीरपुर
उत्तर प्रदेश सर्वाधिक लिंगानुपात वाले 3 जिले - जौनपुर > आजमगढ़ > देवरिया
उत्तर प्रदेश न्यूनतम लिंगानुपात वाले 3 जिले - गौतमबुद्ध नगर < हमीरपुर < बागपत
लिंगानुपात : 912
जनघनत्व : 829
दशकीय वृद्धि दर : 20.20%
सर्वाधिक जनघनत्व वाले तीन राज्य - बिहार > पश्चिम बंगाल > केरल
न्यूनतम जनघनत्व वाले तीन राज्य - अरुणाचल प्रदेश < मिजोरम < सिक्किम
सर्वाधिक लिंगानुपात वाले तीन राज्य - केरल > तमिलनाडु > आंध्र प्रदेश
न्यूनतम लिंगानुपात वाले तीन राज्य - हरियाणा < जम्मू और कश्मीर < सिक्किम
न्यूनतम जनघनत्व (17)
सर्वाधिक शिशु लिंगानुपात (972)
सर्वाधिक शिशु लिंगानुपात वाले तीन राज्य - अरुणाचल प्रदेश (972) > मिजोरम > मेघालय
न्यूनतम शिशु लिंगानुपात वाले तीन राज्य - हरियाणा (834) < पंजाब < जम्मू और कश्मीर
सर्वाधिक साक्षरता प्रतिशत वाले तीन राज्य - केरल > मिजोरम > गोवा
न्यूनतम साक्षरता प्रतिशत वाले तीन राज्य - बिहार < अरुणाचल प्रदेश < राजस्थान
अनुसूचित जाति की निम्नतम जनसंख्या प्रतिशतता
सर्वाधिक नगरीकृत राज्य
उत्तर प्रदेश
सर्वाधिक साक्षरता दर वाले 3 जिले - गौतमबुद्ध नगर > कानपुर नगर > औरैया
न्यूनतम साक्षरता दर वाले 3 जिले - श्रावस्ती < बहराइच < बलरामपुर
जम्मू और कश्मीर
हिमाचल प्रदेश
पंजाब
उत्तराखंड
हरियाणा
दिल्ली
राजस्थान
उत्तर प्रदेश
नेपाल
भूटान
अरुणाचल प्रदेश
असम
नागालैंड
मेघालय
मणिपुर
बिहार
बांग्लादेश
त्रिपुरा
मिजोरम
झारखंड
प. बंगाल
कर्क रेखा
गुजरात
मध्य प्रदेश
छत्तीसगढ़
ओडिशा
महाराष्ट्र
तेलंगाना
गोवा
कर्नाटक
आंध्र प्रदेश
तमिलनाडु
केरल
अरब सागर
बंगाल की खाड़ी
यनम (पुडुचेरी)
पुडुचेरी
कराईकल (पुडुचेरी)
माहे (पुडुचेरी)
लक्षद्वीप (भारत)
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह (भारत)
भा र त

# भारत : जनगणना 2011

- जनगणना, 2011 का आदर्श वाक्य - **Our Census, Our Future** (हमारी जनगणना, हमारा भविष्य)
- भारत की कुल जनसंख्या में ग्रामीण जनसंख्या - **68.9%** तथा नगरीय जनसंख्या - **31.1%**
- भारत की दशकीय वृद्धि दर - **17.7%** (**ग्रामीण - 12.3%** एवं **नगरीय 31.8%**)
- भारत में प्रभावी साक्षरता दर (Effective Literacy Rate) है - **73.0%** (**ग्रामीण - 67.8%** एवं **शहरी - 84.1%**)
- जनगणना 2011 के अनुसार, भारत का लिंगानुपात है - **943**
- जनगणना 2011 के अनुसार शिशु (0-6 वर्ष) लिंगानुपात है - **919** (**यह वर्ष 2001 में 927 था**)

- जनसंख्या के पिरैमिड में वह एक समूह, जो आश्रित आबादी के रूप में जाना जाता है - **0-14 वर्ष आयु समूह**
- राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 के अंतर्गत लक्ष्य था कि वर्ष 2045 तक जनसंख्या (में) स्थिरता प्राप्त कर ली जाएगी, अब यह लक्षित वर्ष रखा गया है - **वर्ष 2070**
- भारत में वरिष्ठ आयु निर्भरता अनुपात (2011) है - **14.2%**




- भारत में पुरुष साक्षरता दर - **80.9%**
- भारत में महिला साक्षरता दर - **64.6%**
- उत्तर प्रदेश में पुरुष व महिला साक्षरता दर क्रमशः - **77.3%** और **57.2%**

- उत्तर प्रदेश में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत - **(22.3%)**
- जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में मिलियन प्लस (दस लाखीय) नगरों की कुल संख्या 53 है। सबसे छोटा दस लाखीय नगर है - **कोटा**
- **जनगणना 2011** : भारत में जनगणना नगरों की कुल संख्या - **3892**

- सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या प्रतिशत (90.0%) - हिमाचल प्रदेश में
- सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या प्रतिशतता (97.5%) - दिल्ली में
- सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला राज्य - महाराष्ट्र


- अनुसूचित जाति की सर्वाधिक जनसंख्या प्रतिशतता वाला राज्य/केंद्र शासित प्रदेश है - पंजाब
- अनुसूचित जनजातियों की सर्वाधिक जनसंख्या प्रतिशतता वाला राज्य/केंद्र शासित प्रदेश है - लक्षद्वीप



विश्व विरासत स्थल
भारतीय सूची
कुंभ मेला
(2017 में शामिल)
इलाहाबाद, हरिद्वार,
उज्जैन और नासिक
राष्ट्रीय उद्यान
(2014)
(2016)
कालका-शिमला रेल (1999)
शिमला
चंडीगढ़
नंदा देवी
राजस्थान के
पहाड़ी किले (2013)
दिल्ली
लाल किला परिसर (2007)
हुमायूं का मकबरा, दिल्ली (1993)
केवलादेव राष्ट्रीय
उद्यान (1985)
ताजमहल (1983)
आगरा का किला (1983)
राजस्थान
जयपुर
भरतपुर
आगरा
जंतर-मंतर (2010)
फतेहपुर सीकरी (1986)
सिक्किम
मानस
काजीरंगा
काजीरंगा राष्ट्रीय
उद्यान (1985)
रानी की वाव (2014)
खजुराहो समूह के स्मारक (1986)
नालंदा महाविहार (2016)
बिहार
पाटन
खजुराहो
बोधगया
विश्व विरासत स्थल (2017)
सांची
बौद्ध स्मारक (1989)
महाबोधि मंदिर परिसर (2002)
भीमबेटका
सुंदरबन
सुंदरबन राष्ट्रीय
उद्यान (1987)
एलिफेंटा की
गुफाएं (1987)
अजंता
अजंता की गुफाएं (1983)
एलोरा
एलोरा की गुफाएं (1983)
मुंबई
कोणार्क
सूर्य मंदिर (1984)
छत्रपति शिवाजी
टर्मिनस (पूर्व में
विक्टोरिया
टर्मिनस) (2004)
गोवा के चर्च
एवं कॉन्वेंट (1986)
गोवा
हम्पी
हम्पी में स्मारकों
का समूह (1986)
पश्चिमी घाट
(2012)
महाबलीपुरम
स्मारकों का समूह (1984)
ऊटी
नीलगिरि
पर्वतीय रेल
(1999)
महान चोल मंदिर (1987)
तंजावुर

# भारत : प्रमुख खनिज

- नामचिक-नामफुक कोयला क्षेत्र, अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में स्थित है।
- कोरबा कोयला क्षेत्र, छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है।
- बराकर कोयला खदान, दामोदर घाटी कोयला उत्पादक क्षेत्र में स्थित है।
- उमरिया कोयला खदान, सोन घाटी कोयला उत्पादक क्षेत्र में स्थित है।
- सिंगरेनी कोयला खदान, गोदावरी घाटी कोयला-उत्पादक क्षेत्र में स्थित है।
- तलचर कोयला खदान, महानदी घाटी कोयला उत्पादक क्षेत्र में स्थित है।
- झरिया कोयला क्षेत्र, झारखंड में स्थित है।
- लिग्नाइट कोयले का विशालतम भंडार तमिलनाडु में स्थित है।
- बिसरामपुर कोयला क्षेत्र, छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में है।
- भारत में पेट्रोलियम (क्रूड) का अग्रणी उत्पादक राज्य राजस्थान है।
- अंकलेश्वर, पेट्रोल भंडार के लिए प्रसिद्ध है।
- नवग्राम तेल क्षेत्र गुजरात में स्थित है।
- भारत में सर्वप्रथम खनिज तेल का कुआं खोदा गया-माकुम (असम) में।




- भारत के कोयला निचयों (डिपॉजिट्स) का प्रमुख स्रोत गोंडवाना तंत्र है।
- कोयले के कुल संचित भंडार की दृष्टि से क्रमशः शीर्ष 5 राज्य हैं- 1. झारखंड, 2. ओडिशा, 3. छत्तीसगढ़, 4. पश्चिम बंगाल, 5. मध्य प्रदेश
- भारत में कोयला उत्पादन की दृष्टि से शीर्ष 5 राज्य (2013-14 के आंकड़ों के अनुसार) क्रमशः हैं- 1. छत्तीसगढ़, 2. झारखंड, 3. ओडिशा, 4. मध्य प्रदेश, 5. तेलंगाना

- भारत की सबसे पुरानी तेल शोधनशाला 'डिग्बोई' है।
- नूनमाटी तेल शोधनशाला असम में है।
- तातीपाका तेल शोधनशाला आंध्र प्रदेश में है।
- एच.बी.जे. पाइपलाइन द्वारा प्राकृतिक गैस का परिवहन दक्षिणी बेसिन से किया जाता है।
- हजीरा - विजयपुर-जगदीशपुर (एच.बी.जे.) गैस पाइप-लाइन गेल (GAIL) द्वारा निर्मित की गई है।
- भारत में अधिकांश प्राकृतिक गैस का उत्पादन बंबई हाई से किया जाता है।
- भारत में मैंगनीज का सर्वाधिक उत्पादक राज्य मध्य प्रदेश है।
- लौह अयस्क के उत्पादन में ओडिशा शीर्ष राज्य है।
- तांबा उत्पादन में राजस्थान शीर्ष राज्य है।
- सोना उत्पादन में कर्नाटक शीर्ष राज्य है।

- चित्रदुर्ग क्षेत्र, मैंगनीज खनिज के लिए प्रसिद्ध है।
- दल्लीराजहरा क्षेत्र, लौह अयस्क के लिए प्रसिद्ध है।
- कोरापुट क्षेत्र, बॉक्साइट खनिज के लिए प्रसिद्ध है।
- ओडिशा में स्थित बादाम पहाड़, लौह अयस्क के लिए प्रसिद्ध है।

*Map is not to scale

# भारत : मानसून का आगमन

- भारत में अधिकांश वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून से होती है।
- भारत में ग्रीष्मकालीन मानसून के प्रवाह की सामान्य दिशा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर होती है।
- शीतकाल में मानसून की दिशा उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम की ओर होती है।
- उत्तरी-पूर्वी मानसून से सबसे अधिक वर्षा तमिलनाडु राज्य को प्राप्त होती है।
- विश्व का सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान मासिनराम (मेघालय) है।







- भारत में सबसे कम वर्षा लेह (जम्मू और कश्मीर) में होती है।
- भारत में सितंबर महीने से मानसून का प्रत्यावर्तन शुरू हो जाता है।
- केरल राज्य में मानसून का आगमन सबसे पहले होता है।
- भारत के उत्तरी मैदानों में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा पश्चिमी विक्षोभों द्वारा होती है।

- भारत में 'सुनामी वार्निंग सेंटर', हैदराबाद में स्थित है।
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली में स्थित है।

- मानसून से अभिप्राय ऐसी जलवायु से है, जिसमें ऋतु के अनुसार पवनों की दिशा में उत्क्रमण हो जाता है।
- मानसून शब्द की उत्पत्ति अरबी भाषा के 'मौसिम' शब्द से हुई है।
- भारत एक उष्ण कटिबंधीय मानसूनी जलवायु वाला देश है।

- भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे में स्थित है।
- भारत में राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्रों में सर्वाधिक दैनिक तापांतर पाया जाता है।
- भारत में सर्वाधिक वर्षा प्राप्त करने वाले क्षेत्र पश्चिमी घाट, पूर्वी हिमालय और मेघालय हैं।

# भारत : प्राकृतिक वनस्पति

| कच्छ वनस्पतियां | |
|---|---|
| महाराष्ट्र | - अचरा रत्नागिरि, देवगढ़-विजयदुर्ग, कुन्डालिका-रोवडंडा, मुम्बरा-दीवा, श्रीवर्धन, वैतरना, मालवन इत्यादि। |
| कर्नाटक | - कुंदापुर, दक्षिण कन्नड़/होन्नावर, कारवार इत्यादि। |
| केरल | - वेम्बानाद, कन्नूर। |
| तमिलनाडु | - पिचवरम, मथुपेट, रामनाड, पुलिकट, काजुवेली इत्यादि। |
| पश्चिम बंगाल | - सुंदरबन। |
| ओडिशा | - भितरकनिका, देवी, धामरा, चिल्का इत्यादि। |

## भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट, 2015

| तथ्य | संबंधित सूचनाएं |
|---|---|
| देश में कुल वनावरण | देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.34% |
| देश में कुल वनावरण एवं वृक्षावरण | देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 24.16% |
| देश में कुल वृक्षावरण | देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 2.82% |
| उत्तर प्रदेश में अभिलिखित वन क्षेत्र (Recorded Forest Area) | प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्रफल का 6.88% तथा भारत के कुल वन क्षेत्र का 2.17% |
| उत्तर प्रदेश में कुल वनावरण | प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 6.00% |
| उत्तर प्रदेश में कुल वृक्षावरण | प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.92% |




- सुंदरी, भारत के पश्चिम बंगाल एवं बांग्लादेश में फैले सुंदरबन डेल्टा क्षेत्र के ज्वारीय वृक्ष हैं।
- उष्ण कटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वनों को मानसूनी वन भी कहते हैं, जो 100-150 सेमी. वर्षा वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। मुख्य क्षेत्र-पश्चिमी घाट के पूर्वी ढाल, प्रायद्वीपीय भारत का उत्तर पूर्वी भाग, भाभर एवं तराई क्षेत्र हैं।
- उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन, 70-100 सेमी. वर्षा वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं, ये मुख्यतः मध्य गंगा मैदान से लेकर दक्षिण भारत तक विस्तृत हैं।

- भोजपत्र वृक्ष हिमालय क्षेत्र में 4500 मी. की ऊंचाई पर पाया जाने वाला वृक्ष है।
- भारत में उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती (पतझड़ी) वन सर्वाधिक वृहत् क्षेत्र में पाया जाता है।
- साल तथा सागौन उष्ण-कटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वन के महत्वपूर्ण वृक्ष हैं।
- फर, देवदार, स्प्रूस, चेस्टनट, सिडार और चीड़ शीतोष्ण कटिबंधीय वनों के प्रमुख वृक्ष हैं।
- सिनकोना उष्णकटिबंधीय सदाबहार पौधा है।
- ब्यूटिया मोनोस्पर्मा (ढाक/पलाश) को 'जंगल की आग' कहा जाता है।
- चीड़ हिमालय क्षेत्र में 900-1000 मी. की ऊंचाई पर पाया जाता है।
- सागौन के वृक्ष मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात एवं महाराष्ट्र में पाए जाते हैं।

- देवदार वृक्ष पश्चिमी हिमालय में 1500-2500 मीटर की ऊंचाई पर पाए जाते हैं।
- खेजरी वृक्ष (मरुस्थल का राजा) सामाजिक वानिकी में प्रयुक्त एक बहु-उद्देशीय वृक्ष है।

*Map is not to scale.

# भारत : नदियां एवं झीलें

- सिंधु नदी तंत्र : सिंधु एवं उसकी सहायक नदियां – झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास, सतलज (पंचनद) आदि।
- सतलज नदी तिब्बत स्थित राकस ताल से निकलती है। यह हिमालय की सभी श्रेणियों को काटती है।
- बांग्लादेश में प्रवेश करने के बाद गंगा नदी को पद्मा कहा जाता है।
- बांग्लादेश में पद्मा की मुख्यधारा में ब्रह्मपुत्र नदी के मिलने से इनकी संयुक्त धारा को जमुना कहा जाता है।
- ब्रह्मपुत्र, सतलज और सिंधु नदियों का स्रोत तिब्बत के मानसरोवर झील के पास ही स्थित है।
- किशनगंगा, झेलम नदी की सहायक नदी है।

- नर्मदा नदी उत्तर में विंध्य पर्वत और दक्षिण में सतपुड़ा पर्वत के मध्य स्थित भ्रंश घाटी से होकर बहती है।
- पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां जैसे - नर्मदा, ताप्ती, पेरियार आदि डेल्टा का निर्माण न करके एश्चुअरी का निर्माण करती हैं।
- सोन नदी, नर्मदा नदी तथा महानदी, तीनों का उद्गम अमरकंटक पठार से होता है।
- यमुना नदी का उद्गम यमुनोत्री हिमनद के बंदरपूंछ चोटी के पास से होता है।




- जम्मू और कश्मीर स्थित वुलर झील भारत की मीठे पानी की सबसे बड़ी झील है।
- चिल्का (ओडिशा) उत्तरी सरकार तट पर स्थित भारत की सबसे बड़ी लैगून (खारे पानी की) झील है।
- गोमती नदी, गंगा नदी की एकमात्र ऐसी सहायक नदी है जिसका उद्गम मैदानी क्षेत्र में है। यह उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के गोमताल (फुल्हर झील) से निकलती है।

- लोकटक झील (मणिपुर) में केबुल लामजाओ नामक तैरता हुआ राष्ट्रीय पार्क स्थित है।
- गंगा नदी का उद्गम गंगोत्री हिमनद से होता है।

- प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लंबी नदी गोदावरी (1465 किमी.) है, जो कि भारत की दूसरी सबसे लंबी (गंगा प्रथम) नदी है।
- प्रायद्वीपीय भारत में पूर्व दिशा में बहने वाली नदियों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम इस प्रकार है - सुवर्ण रेखा, महानदी, गोदावरी, कृष्णा, पेन्नार, कावेरी और वैगई।

- हिमालय पर्वत श्रेणी से निकलने वाली नदियां पूर्ववर्ती अपवाह की उदाहरण हैं।
- भारत से उद्गमित तथा भारत में प्रवाह वाली सबसे लंबी नदी गंगा (लंबाई 2525 किमी.) है।

- दक्षिण भारत की नदियां मुख्यतः वृक्षनुमा अपवाह तंत्र रखती हैं।

- सुंदरबन डेल्टा का निर्माण गंगा, ब्रह्मपुत्र तथा मेघना नदियों द्वारा हुआ है।

- बद्रीनाथ मंदिर अलकनंदा नदी के तट पर स्थित है।

# भारत : प्रमुख दर्रे

**घाटियां व उनसे संबंधित राज्य**

| घाटी | राज्य |
|---|---|
| नेलांग | उत्तराखंड |
| सांगला, कुल्लू | हिमाचल प्रदेश |
| मर्खा | जम्मू और कश्मीर |
| यूथांग (यह घाटी Hot spring के रूप में भी जानी जाती है) | सिक्किम |
| शांत घाटी | केरल |

- उच्चावच लक्षणों के आधार पर प्रायद्वीपीय पठार को तीन भागों में बांटा जा सकता है-
  (a) दक्कन का पठार (b) मध्य उच्च भूभाग (c) उत्तरी-पूर्वी पठार
- दक्कन के पठार के पश्चिम में पश्चिमी घाट, पूर्व में पूर्वी घाट और उत्तर में सतपुड़ा, मैकाल और महादेव पहाड़ियां स्थित हैं।
- पश्चिमी घाट, महाराष्ट्र, गोवा व कर्नाटक में सह्याद्रि, तमिलनाडु में नीलगिरि और केरल में अन्नामलाई और इलायची (कार्डामम) के रूप में विस्तृत है।
- पूर्वी घाट में, पालकोण्डा श्रेणी, जावदी नल्लामाला व महेंद्रगिरि पहाड़ियां हैं।




**पर्वतीय दर्रे व उनकी स्थिति**

| पर्वतीय दर्रे | राज्य |
|---|---|
| जेलेप-ला, नाथु-ला | सिक्किम |
| बनिहाल, चांग-ला, जोजि-ला | जम्मू और कश्मीर |
| रोहतांग, शिपकी-ला | हिमाचल प्रदेश |
| नीति, माना, लिपुलेख | उत्तराखंड |
| बुम-ला, बोमडि-ला, से-ला | अरुणाचल प्रदेश |
| पालघाट | केरल |

- अरावली एवं विंध्य शृंखलाओं के मध्य स्थित है - मालवा का पठार
- भारत में चट्टान प्रणालियों के निर्माण का क्रम - धारवाड़ - कुडप्पा - विंध्यन - गोंडवाना
- पश्चिमी घाट की नीलगिरि पहाड़ी पर स्थित है — शांत घाटी/मौन घाटी


- भारत का न्यूनतम ऊंचाई वाला क्षेत्र है - केरल का कुट्टानाड या (कुट्टनाडु)
- पटकाई पहाड़ियां संलग्न हैं - असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम एवं नागालैंड से

- पूर्वोत्तर की पहाड़ी जनजातियों का पश्चिम से पूर्व सही क्रम है - गारो - खासी - जयंतिया - नागा
- भारत का विशालतम हिमनद है - सियाचिन

- शिपकी-ला, हिमाचल प्रदेश को तिब्बत से जोड़ता है।

- जोजि-ला, श्रीनगर को लेह से जोड़ता है।
- बनिहाल दर्रा, जम्मू को श्रीनगर से जोड़ता है।

- नर्मदा एवं ताप्ती नदियों के मध्य स्थित है - सतपुड़ा श्रेणियां
- बालाघाट श्रेणी, हरिश्चन्द्र श्रेणी तथा सतमाला पहाड़ियां फैली हैं - महाराष्ट्र में


भारत : प्राकृतिक
भारत की सबसे नवीन पर्वत श्रेणी - शिवालिक
वृहत हिमालय व पीर पंजाल श्रेणी के मध्य स्थित है - कश्मीर घाटी
विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटी है - माउंट एवरेस्ट
प्लेट
मैंटल
अपसारी परिसीमा
अरावली पर्वत श्रेणी
सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है - अरावली
पालनपुर (गुजरात) से लेकर राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली तक विस्तृत
निर्माण प्री-कैम्ब्रियन काल में
सर्वोच्च चोटी-माउंट आबू स्थित गुरु शिखर (1722मी.)
आयु 600-570 मिलियन वर्ष
अपसारी परिसीमा
नीलगिरि पहाड़ियाँ :
कर्नाटक, केरल व तमिलनाडु राज्यों के मिलन स्थल पर
पूर्वी घाट एवं पश्चिमी घाट का मिलन स्थल
सर्वोच्च शिखर डोडाबेटा (2637 मी.)
मैंटल
रूपांतर परिसीमा
पामीर ग्रंथि
हिंदूकुश
कुनलुन श्रेणी
काराकोरम
सुलेमान श्रेणी
कैलाश श्रेणी
चीन (तिब्बत)
भारतीय महामरुस्थल
अरावली श्रेणी
मालवा पठार
दक्कन पठार
बंगाल की खाड़ी
महेंद्रगिरि
अनाईमुडी : दक्षिण भारत की सबसे ऊंची चोटी (2695 मीटर), अनाईमलाई (अन्नामलाई) श्रेणी में स्थित
लक्षद्वीप (भारत)
हिंद
महासागर
नीलगिरि पहाड़ियाँ
भारत का सर्वोच्च पर्वत शिखर है - माउंट गॉडविन ऑस्टिन या (K2) (काराकोरम श्रेणी)
हिमालय पर्वत श्रेणी के पर्वत शिखर एवं देश : माउंट एवरेस्ट (8848 मी. नेपाल) - गॉडविन ऑस्टिन/(K2) (8611 मी. भारत) - कंचनजंगा (8598 मी., भारत/नेपाल) - मकालू (8463 मी. नेपाल)

# भारत : राजनैतिक

## भारत : प्रमुख तथ्य

1. भारत में 29 राज्य तथा 7 केंद्रशासित प्रदेश हैं।
2. ये सात केंद्रशासित प्रदेश हैं- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली, पुदुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा दमन और दीव।
3. उत्तर-पूर्वी राज्यों में सात बहनों (Seven Sisters) के नाम से प्रसिद्ध भारत के राज्य एवं उनकी राजधानियां- अरुणाचल प्रदेश (ईटानगर), असम (दिसपुर), मेघालय (शिलांग), मिजोरम (आइजोल), नगालैंड (कोहिमा), मणिपुर (इम्फाल) तथा त्रिपुरा (अगरतला)।
4. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के शीर्ष 4 राज्य हैं- राजस्थान > मध्य प्रदेश > महाराष्ट्र > उत्तर प्रदेश।




1. कर्क रेखा को 23°30' उत्तरी अक्षांश भी कहते हैं। यह भारत को लगभग दो बराबर भागों में विभाजित करती है।
2. कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों- गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुजरती है।

## पश्चिमी तटीय मैदान (कम चौड़ा)

- गुजरात से गोवा तक का तटीय मैदान : कोंकण तट
- गोवा से मंगलौर (कर्नाटक) तक का क्षेत्र : कन्नड़ तट
- मंगलौर से कन्याकुमारी तक का तटीय मैदान : मालाबार तट

## पूर्वी तटीय मैदान (अधिक चौड़ा)

1. ओडिशा व आंध्र प्रदेश के तटवर्ती मैदान (उत्तर तटीय भाग से गोदावरी डेल्टा तक) : उत्कल तट/कलिंग तट/उत्तरी सरकार तट
2. आंध्र प्रदेश से लेकर तमिलनाडु के तटीय मैदान तक (कृष्णा-गोदावरी डेल्टा से कन्याकुमारी तक विस्तृत) : कोरोमंडल तट

## क्या आप जानते हैं?

- लक्षद्वीप के अंतर्गत कुल 36 द्वीप आते हैं। इसके अधिकांश द्वीप प्रवाल उत्पत्ति के हैं।
- भारत का सर्वाधिक आबादी वाला द्वीप सालसेट द्वीप है, जिस पर मुंबई शहर स्थित है।
- केंद्रशासित प्रदेशों में सर्वाधिक जनसंख्या दिल्ली की तथा न्यूनतम जनसंख्या लक्षद्वीप की है।
- केंद्रशासित प्रदेशों में सर्वाधिक क्षेत्रफल अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का तथा न्यूनतम क्षेत्रफल लक्षद्वीप का है।

- अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का सर्वोच्च शिखर सैडल पीक (732 मी.) है।
- अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में केवल 38 द्वीप ही बसे हुए हैं, शेष निर्जन हैं।